# 2025

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड है : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv)* *उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

**खण्ड – 'क'**

**(पद्य – 8+12 = 20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) वर्षा ऋतु की स्निग्ध भूमिका
प्रथम दिवस आषाढ़ मास का
देख गगन में श्याम घन घटा
विधुर यक्ष का मन जब उचटा।

अथवा

(ख) सब पर मेरी आशाएँ
सब पर मेरा एतवार है,
आगे बढ़ते जाना मेरे
जीवन का व्यापार है।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

2. धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अघाइ।
उद्धि बड़ाई कौन है, जग पियासो जाइ।।

— रहीम के उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

3. 'फुटपाथ' कविता में कवि समाज की कौन-सी स्थिति को दर्शाता है? स्पष्ट कीजिए। 3

4. स्पष्ट कीजिए कि 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता में कवि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का यथार्थ चित्रण चित्रित करता है। 2

5. 'स्याम-रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित-कंचन हि कसै हौं।'

— उपर्युक्त पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

6. 'अमरबेलि' क्या है? 1

7. 'पतित-पावन' कौन है? 1

8. 'अभिमन्यू' कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) थाङ्जम इबोपिशक सिंह (ख) पवित्र मुखोपाध्याय

(ग) नागार्जुन (घ) धूमिल

**खण्ड – 'ख'**

**(गद्य – 25 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) तुझे ऐसी जरा-सी बात का अब तक ख्याल होता है। तुझे तो खुश होना चाहिए कि उनके लिए एक रोज भूखे रहने का तुझे पुण्य मिला।

अथवा

(ख) चाहे पुरुष हो या महिला, बच्चे हों या बूढ़े,प्रत्येक मैते के खून में युद्ध का रंग भरा हुआ था और रण-कौशल का अभ्यास नित्य-क्रिया का एक अभिन्न अंग था।

10. नीचे लिखे पाठों में से किसी एक का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए : 8

(क) पत्नी

(ख) मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

11. 'कामाख्या की छाया में' पाठ में असमीया लोगों का जो वर्णन किया गया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए। 4

12. 'शगोल काङ्जै' खेल कैसे विश्व-प्रसिद्ध खेल बन गया? 3

13. एड्स के कुछ लक्षण लिखिए। 2

14. शारीरिक और मानसिक विकास के आधार पर मनुष्य के जीवन को कितने वर्गों में बाँटा जा सकता है? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

15. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) इबोहल सिंह काङ्जम (ख) अज्ञेय

(ग) जैनेन्द्रकुमार (घ) माखनलाल चतुर्वेदी

## खण्ड – 'ग'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

16. रामायण और महाभारत की सामान्य विशेषताएँ लिखिए। 4

17. अपने पति की नौकरी छूट जाने की बात सुनकर लज्जावती की क्या अवस्था हुई? 3

18. मानव के कल्याण के लिए विज्ञान ने क्या-क्या किया? 2

19. त्रिपिटक क्या है? इसमें क्या-क्या निहित हैं? 2

20. महाकवि कालिदास ने कौन-कौन सी काव्य-कृतियाँ लिखी थीं? 1

21. त्रिवेणी कौन है? 1

22. विज्ञान का लक्ष्य क्या है? 1

23. आज का युग कौन-सा युग कहलाता है? 1

(क) कंप्युटर का युग (ख) इंतरनेट का युग

(ग) विज्ञान का युग (घ) टेक्नोलॉजी का युग

**खण्ड - 'घ'**

**(वाचन - 10 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 24, 25 और 26 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 27 से 30 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

24. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

25. यमक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

26. उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं? उन अंगों के नाम लिखिए। 2

27. गीतिका छन्द के आरम्भ में दो मात्राएँ जोड़ने से कौन-सा छन्द बन जाता है? 1

28. 'मुख कमल है।'— इस वाक्य में निहित अलंकार का नाम लिखिए। 1

29. सोरठा छन्द का एक उदाहरण लिखिए। 1

30. का सरवरि तेहि देऊँ मयंकू।
चाँद कलंकी, वह निकलंकू।।

— उपर्युक्त पंक्तियों में निहित अलंकार का नाम लिखिए। 1

## खण्ड - 'ङ'

### (लेखन - 15 अंक)

31. (क) मान लीजिए कि आप किसी एक हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक हैं? आपके स्कूल में एक क्लर्क का पद खाली है। इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक बिज्ञापन लिखिए।. 8

अथवा

(ख) मान लीजिए कि आप एक प्राइवेट फार्म के मैनेजर है। इस फार्म की देखभाल के लिए एक चौकीदार की नितान्त आवश्यकता है। अत: चौकीदार के इस पद के लिए उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए।

32. (क) मान लीजिए कि आप किसी एक दैनिक समाचार-पत्र के रिपोर्टर हैं। इम्फाल शहर के वीर टिकेन्द्रजीत रोड पर हाल ही में घटित एक सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने हेतु एक लेख लिखिए। 7

अथवा

(ख) मान लीजिए कि आप एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। बन्द-ब्लॉकेड के कारण मणिपुर की आम जनता बहुत दु:खी है। इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने हेतु, एक लैख लिखिए।

## खण्ड - 'च'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 से 42 तक के उत्तर लगभग एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

33. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण लिखिए। 3

34. तत्सम शब्द और तद्भव शब्द की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

35. संधि किसे कहते हैं और कितने प्रकार की होती है? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

36. तत्पुरुष समास किसे कहते हैं? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

37. मोहन आया और मदन चला गया।

— उपर्युक्त संयुक्त वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

38. वे दुष्ट लोग हैं, जो सज्जनों की निन्दा करते हैं।

— उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

39. 'चोली दामन का साथ' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

40. 'अन्धे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

41. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

42. 'सीधी ऊँगली से घी नहीं निकलता' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

---



210